दिवंगत समाजसेवी बादल सिन्हा की स्मृति में सम्मान समारोह

गयाजी। विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया (निकट डीएवी कैंट एरिया स्कूल, गया) परिसर में शनिवार को गया जिला के प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाजसेवी स्वर्गीय बादल सिन्हा की याद में एक भावपूर्ण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस



अवसर पर गया जिले के प्रसिद्ध युवा समाजसेवी सह ट्रस्टी आकाश प्रियदर्शी ऊर्फ एपी द्वारा संस्थान के प्राचार्य नागेंद्र कुमार सिंह, कंप्यूटर आपरेटर पंकज कुमार एवं मैनेजमेंट स्टाफ राजन सिन्हा को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान मानपुर के जनकपुर मोहल्ला वार्ड संख्या 50, पुलिस कालोनी निवासी युवा समाजसेवी आकाश प्रियदर्शी ऊर्फ एपी ने कहा कि वह अपने पिता स्वर्गीय बादल सिन्हा के बताए मार्ग और आशीर्वाद से ही आज इस कालेज का कुशलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। इस आयोजन की विस्तृत जानकारी कालेजकी प्रशासनिक प्रमुख सह पुस्तकालय प्रभारी अलका कुमारी ने साझा की। इस गरिमामयी अवसर पर अतरी प्रखंड के जीरी पंचायत की पैक्स अध्यक्ष संगीता देवी के पुत्र विशाल यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे !

जागरुकता रैली में 250 रोटेरियनों ने लिया हिस्सा

गयाजी। विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर शनिवार की सुबह रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3250 के अंतर्गत गयाजी के विभिन्न रोटरी क्लबों द्वारा संयुक्त रूप से पोलियो उन्मूलन के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भव्य 'पोलियो जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया। 'टू ड्राप्स फार लाइफ' और 'एंड पोलियो नाउ' के संदेश के साथ आयोजित इस रैली में लगभग 250 रोटेरियनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह 6 बजे आजाद पार्क से प्रारंभ हुई रैली गांधी मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। रैलीके माध्यम से आमजन को पोलियो उन्मूलन, बच्चों के नियमित टीकाकरण तथा स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन संदीप नारंग एवं डिस्ट्रिक्ट पोलियो चेयर रोटेरियन कुसुम जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर जोन 11 एवं 12 के असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन अर्चना गोयनका एवं रोटेरियन विजय भालोटिया तथा एडिशनल डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटेरियन दीपक चडढा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी रोटेरियन डा. सुरभि कुमारी के नेतृत्व में क्लब के लगभग 35 सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



पदाधिकारियों ने रोटेरियनों का उत्साहवर्धन करते हुए पोलियो मुक्त विश्व के निर्माणमें सामूहिक प्रयासों और जनभागीदारी के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर रोटरी क्लब आफ गया युवा की अध्यक्ष रोटेरियन स्मिता पोद्दार एवं सचिव क्लब के सदस्यों ने पोलियो उन्मूलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए समाज में जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। रैली में रोटरी क्लब आफ गया युवा, गया सिटी, उरुवेला, बोधगया, गया, बोधगया रीजेंसी एवं मगध गया के सदस्यों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। 'दो बूंद जिंदगी की' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ रोटेरियनों ने यह संदेश दिया कि छोटे-छोटे सामूहिक प्रयास भी समाज में बड़ा और स्थायी परिवर्तन ला सकते हैं'। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ बच्चों, सशक्त समुदायों और पोलियो मुक्त भविष्य के निर्माण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

डा. रजनीश कांत की 'पेन फ्री इंडिया' मुहिम के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

100 से अधिक लोगों को मिला उपचार

गयाजी। जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रख्यात डा. रजनीश कांत की मुहिम 'पेन फ्री इंडिया के अंतर्गत गया स्थित ठ्ठ चात्क द्धबिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान, मगध प्रमंडल में स्वास्थ्य शिविरका आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक लोगोंको उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया गया।

इस जनहितकारी पहल में डा. ए. एन. रूपीना आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया तथा अजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक, का उल्लेखनीय सहयोग रहा। शिविर के दौरान रीढ़ की हड्डी, गर्दन, कमर और जोड़ों से संबंधित समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को शरीर को स्वस्थ रखने, सही शारीरिक मुद्रा अपनाने, नियमित शारीरिक गतिविधियों को दिनचर्या में शामिल करने तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति समय रहते सचेत रहने के बारे में आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया गया।

डा. रजनीश कांत की मुहिम का उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता को जन-जन तक पहुँचाना, लोगों को शारीरिक समस्याओं के उचित आकलन और विशेषज्ञ परामर्श के महत्व से परिचित कराना तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देना है। इस शिविर के माध्यमसे 100 से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

इस अवसर पर डा रजनीश कांत ने स्वास्थ्य जागरूकता और जनसेवा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर बेहतर जीवन, कार्यक्षमता और समाज के प्रति जिम्मेदारियों के निर्वहन का आधार है।

रबी महाअभियान में किसानों को सिखाये उन्नत खेती के गुर

वजीरगंज (आससे)। प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन के प्रांगण में शनिवार को आत्मा, गया के सौजन्य से रबी महाअभियान-2026 के तहत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी सरोज कुमार मेहता ने की। मौके पर बीडीओ प्रभाकर सिंह, जिला से पहुंचे सहायक निदेशक विकास कुमार एवं भूमि संरक्षण के बीएओ प्रभात आनंद ने किसानों को रबी फसलों की उन्नत खेती के टिप्स दिए।अधिकारियोंने कहा कि अच्छी पैदावार के लिए उन्नत किस्म के बीज, समय पर बुआई, उचित सिंचाई, निकाई-गुड़ाई और संतुलित उर्वरक का प्रयोग जरूरी है।

वैज्ञानिक तरीकेसे खेती करने पर कम लागत में ज्यादा मुनाफा मिल सकता है।इस दौरान किसानों को कृषि उपादानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष महेश प्रसाद सिंह, समाजसेवी रामाश्रय सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष दिनेश यादव, बीफ्एसी अध्यक्ष अनिरुद्ध प्रसाद, कृषि समन्वयक कुमार योगेश, सुधीर कुमार, सुधीर कुमार पांडेय, पवन कुमार, बीटीएम विवेकानंद कुमार, एटीएम दयानंद कुमार, पिंटू कुमार, किसान सलाहकार अरुण कुमार, अमरेश कुमार, वरुण कुमार, राजीव रंजन त्रिपाठी सहित प्रखंड

नुक्कड़ नाटक कर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति किया जागरूक

रफीगंज(आससे)। रफीगंज शहर के मुरली बाबू मोड़ के पास रविवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। एमएनआरई के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में कलाकारोंने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को घरों की छतों पर रूफटाप सोलर संयंत्र लगाने के लिए प्रेरित किया।

नुक्कड़ नाटकमें अभिषेक जान, टीम लीडर मो. सदीम अनवर, अरमान हुसैन, आर्यन, सोहराब और सागर ने अपनी प्रस्तुतिके माध्यम से योजना के लाभोंको सरल एवं रोचक तरीके से समझाया। कलाकारोंने बताया कि सौर ऊर्जा के उपयोग से बिजली बिल में बचतकी जा सकती है। साथ ही, पात्र उपभोक्ता योजना के निर्धारित प्रावधानोंके अनुसार सरकारी सब्सिडी और उपलब्ध ऋण सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रमके दौरान नागरिकों को रूफटाप सोलर संयंत्र लगानेकी प्रक्रिया, इससे होनेवाले आर्थिक लाभ और पर्यावरण संरक्षणमेंसौर ऊर्जाकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। सहायक विद्युत अभियंता अशोक राजने लोगोंसे अपीलकी कि वे पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनाके प्रति जागरूक हों और सौर ऊर्जाको अपनानेके लिए आगे आएं।

सीताराम केशरी की मनायी गयी पुण्यतिथि

गयाजी। भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेसके पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय सीताराम केशरी की पुण्यतिथि काँग्रेस कार्यालय राजेन्द्र आश्रम में जिला अध्यक्ष



रजनीश कुमार झुंना कि अध्यक्षता में मनाई गई। सर्वप्रथम स्वर्गीय सीताराम केशरी के चित्र पर माल्यार्पणके पाश्चात्य उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओंने कहा कि स्वर्गीय सीताराम केशरी हम कांग्रेसजनों के लिए प्रेरणा श्रोत है, उन्होंने अपने संघर्ष, समर्पण, निष्ठा और संगठन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के बल पर जमीनी स्तर से उठ कर कङ्ग्रेस पार्टी के सर्वोच्च पद तक सफर तय किया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर शशि शेखर सिंह, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिठू, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, युगल किशोर सिंह, मदीना खातून,विद्या शर्मा,प्रदीप शर्मा,धर्मेन्द्र कुमार निराला, ओंकार शक्ति,प्रो अमरेंद्र कुमार सिंह ऊ मंटू, खिजीर हयात, बृजेश राय, शंभू शरण सिंह, मदन सिंह, गौतम सिंह, नवल किशोर शर्मा, शिव कुमार चौरसिया, शिव नाथ प्रसाद,कौशल श्रीवासतव आदि शामिल रहे।

गयाजी से हज़ारों की संख्या में डा श्रीकृष्ण सिन्हा की जयंती समारोह में कांग्रेसजन जायेंगे पटना

गयाजी। महान स्वतंत्रता सेनानी, आधुनिक बिहारके निर्माता कहे जाने वाले, बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डा श्रीकृष्ण सिन्हा की 139 वीं जयंती समारोह में गयाजी से हज़ारोंकी संख्या में 25 अक्टूबर को पटना के बापू सभागार जाएंगे। गयाजिला के सभी प्रखंड, पंचायत, गांव, मुहल्ला से ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु गया जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार झुंना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष डाक्टर शशि शेखर सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, युगल किशोर सिंह, मदीना खातून,धर्मेंद्र कुमार निराला, ब्रजेश राय,शिव चौरसिया,चंदन महतो, पूर्व केंद्रीय मंत्री डा अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में आयोजित जयंती समारोह में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड्गे, राष्ट्रीय महासचिव के सी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार, सहित कांग्रेस के कई राष्ट्रीय, प्रांतीय, नेता संबोधित करेंगे।

भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक




गयाजी। भारतीय जनता पार्टी, पूर्वी जिला कार्यालयमें 'लोकतंत्र बचाओ और अराजकता हटाओ' अभियान को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विजय कुमार मांझी ने की तथा मंच का संचालन जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान एवं जिला प्रभारी सुरेश शर्मा उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान ने कहा कि आगामी 04 नवंबरको विशाल पद संचलनका आयोजन किया जाएगा। इस पद संचलन में शहर के प्रबुद्ध एवं बुद्धिजीवी वर्गों को आमंत्रित किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि विपक्षी दल देशमें अशांति और अराजकता फैलाने का षडङंत्र रच रहे हैं। जनता द्वारा चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकारको बिना चुनाव के तख्तापलट करने की उनकी साजिशों का पर्दाफाश करना भाजपा का मुख्य उद्देश्य है। इस संदेश को प्रेस, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाया जाएगा।

गया की अवंतिका का बिहार अंडर-16 बास्केटबाल टीम में चयन

गयाजी। गया जिले के एपी कालोनी की रहने वाली प्रतिभाशाली बास्केटबाल खिलाड़ी अर्वतिका का चयन बिहार अंडर-16 बालिका बास्केटबाल टीम में हुआ है। वह पुणेमें आयोजित होनेवाली 41वीं यूथ नेशनल बास्केटबाल चौंपियनशिप में बिहारका प्रतिनिधित्व करेंगी। उनकी इस उपलब्धिसे गया जिले के खेल जगत में खुशी की लहर है। अर्वतिका इन दिनों अंतरराष्ट्रीय स्तरपर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। फिलहाल वह भारतीय टीम आईओटी स्टाइलिंग्स की ओर से 15वें एशिया पैसिफिक कप में भाग लेने के लिए सिंगापुर में हैं। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उनका चयन होना भी गया जिले के लिए गौरवकी बात है। अर्वतिका ने अपने शानदार प्रदर्शन और निरंतर मेहनतसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उनकी इस उपलब्धि से जिले की अन्य युवा खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।



इस उपलब्धि पर उनकी माता सुमन कुमारी, पिता अविनाश कुमार, वरिष्ठ खिलाड़ी तनवी, गया जिला बास्केटबाल संघ के सचिव सरवर अली तथा कोचजैजान खान सहित खेल जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्यकी कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वह आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बिहार और गया जिले का नाम रोशन करेंगी।

प्रो. बद्री नारायण सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष मगध विवि की पत्नीको दी गयी श्रद्धांजलि

गयाजी। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. बद्री नारायण सिंह की स्वर्गीय धर्मपत्नी राजेश्वरी सिंहका श्राद्ध कर्म एवं ब्रह्मभोज



शुक्रवार को उनके निवास अशोक नगर, ए.पी. कालोनी में सम्पन्न हुआ। उनके श्राद्ध कार्यक्रम में मगध विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डा प्रो रणविजय कुमार सिंह, अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डा प्रो मेजर आरपी सिंह, जे.जे.कालेज गया के पूर्व प्राचार्य डा प्रो मेजर बीकेपी वर्मा, मगध विश्वविद्यालय अर्थ शास्त्र विभागके पूर्व विभागध्यक्ष डा. प्रो. विश्वनाथ सिंह, मगध विविके दर्शन शास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं भाजपा नेता प्रो.राम शरेक सिंह, ए.एम. कालेज गया के प्राध्यापक प्रो डा लालदेव सिंह, गया जिला के ए.डी.एम. पंकज कुमार सिंह, शिक्षक अंजनी कुमार सिंह, सहित काफी संख्या में गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर स्व राजेश्वरी सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विदित हो कि उनका देहांत 10/10/2026 को स्वाभाविक रूप से हुआ था। उनके मृत्यु के उपरांत वाराणसी विव के पूर्व कुलपति डा प्रो आर एस तोमर, मगध विवि के पूर्व कुलपति डा प्रो. शशि प्रसाद शाही, पूर्व एमएलसी डा संजीव श्याम सिंह, पूर्व सांसद औरंगाबाद सुशील कुमार सिंह, पूर्व एमएलसी अनुज कुमार सिंह, बिहार विधानसभाके अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार सहित कई गणमान्य लोगोंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थनाकी है।

शोध की गुणवत्ता और नैतिकताको वैश्विक स्तर पर स्थापित करना जरूरी : प्रो. एम.पी. सिन्हा

बोधगया (आससे)। मगध विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान एवं बायोटेक्नोलाजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संस्थापक विभागाध्यक्ष स्व. प्रो. श्याम बिहारी सिंह की स्मृति में व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें रांची विश्वविद्यालय के



वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. मनोरंजन प्रसाद सिन्हा ने रिसर्च प्राफेशनल डेवलपमेंट एंड अकादमिक लीडरशिप विषय पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने शोधार्थियों को शोध पत्र लेखन, उच्च स्तरीय जर्नल में प्रकाशन, साइटेशन के सही उपयोग और शोध नैतिकता के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शोध की गुणवत्ता और नैतिक मानकों का पालन करके ही शोध को वैश्विक पहचान दिलाई जा सकती है।

कार्यक्रम में विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एस.एन.पी. यादव 'दीन', जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं बायोटेक्नोलाजी विभाग की प्रभारी प्रो. रेशमा यासमीन तथा पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार सिंह उपस्थित रहे। मंच संचालन आभा कुमारी ने किया। आयोजन में डा. कुमारी अदिति, डा. सरफराज अली, डा. वीरेंद्र कुमार और डा. एल.के. तरुण की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, उत्तरी बिहार कार्य प्रमण्डल
बिहार राज्य खाद्य निगम, मुजफ्फरपुर
अल्पकालीन ई पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना सं०-04/NB/2026-27
(केवल ई-टेंडरिंग पद्धति के अनुसार वेबसाइट द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, उत्तरी बिहार कार्य प्रमंडल, बिहार राज्य खाद्य निगम मुजफ्फरपुर।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : 21.10.2026
3. निविदा अपलोड करने की आरंभ तिथि : 02.11.2026 10:00 बजे पूर्वाहन से (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक 09.11.2026 के 15:00 बजे तक अप० (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
5. प्री बीड् मीटिंग का समय एवं स्थान : 03.11.2026 बिहार राज्य खाद्य निगम, निगम मुख्यालय, पटना।
6. तकनीकी बीड् खोलने की तिथि/समय : दिनांक 09.11.2026 के 15:30 बजे अप० के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
7. वित्तीय बीड् खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : तकनीकी बीड् के निष्पादन के उपरांत www.eproc2.bihar.gov.in पर

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि(रू० में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय रू० में) Through e-payment (i.e NEFT/RTGS/CREDIT CARD/DEBIT CARD)	BID Processing Fee(Through online Payment) (अप्रत्यर्पणीय रू० में) Through e-payment (i.e NEFT/RTGS/CREDIT CARD/DEBIT CARD) (Inclusive of GST)	कार्य समाप्ति की अवधि (एकारनामा की तिथि से)
1	समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1454896	29500	2950	As Per Beltron	3 माह
2	समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1621336	32500	5900	As Per Beltron	3 माह
3	समस्तीपुर जिलान्तर्गत उजियारपुर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1195386	24000	2950	As Per Beltron	3 माह
4	मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत साहेबगंज प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	979284	19600	1475	As Per Beltron	3 माह
5	मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बन्दरा प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	847218	17000	1475	As Per Beltron	3 माह
6	मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1771548	35500	5900	As Per Beltron	3 माह
7	वैशाली जिलान्तर्गत राजापाकर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	957651	19500	1425	As Per Beltron	3 माह
8	वैशाली जिलान्तर्गत महुआ प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1017806	20500	2950	As Per Beltron	3 माह
9	वैशाली जिलान्तर्गत जन्दाहा प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	2356996	47500	5900	As Per Beltron	3 माह
10	सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1945398	39000	5900	As Per Beltron	3 माह
11	सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखण्ड स्थित 1000 मे०टन क्षमता के प्रीफैब टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का पहुँच पथ निर्माण कार्य (पुनर्निविदा)	2193774	43900	5900	As Per Beltron	3 माह
12	सिवान जिलान्तर्गत मैरवा प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	2386314	47800	5900	As Per Beltron	3 माह
13	मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1072381	21500	2950	As Per Beltron	3 माह
14	मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1246164	25000	2950	As Per Beltron	3 माह
15	मधुबनी जिलान्तर्गत रहिका प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1501651	30100	5900	As Per Beltron	3 माह
16	मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1482099	29700	2950	As Per Beltron	3 माह

Note:-Bidders should submit Bid processing fee,Tender Fee through online payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in
विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in/www.sfc.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता,
उत्तरी बिहार कार्य प्रमंडल,
PR. No. 014203 (B&C) 2026-27 बिहार राज्य खाद्य निगम,मुजफ्फरपुर
विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

देवभूति इंटरप्राइजेजमें सजे फैशन के विभिन्न परिधान, लहंगा हबका ग्रैंड फैशन एक्जीबिशन शुरू

गयाजी। शहर के स्वराजपुरी रोड स्थित फायर ब्रिगेड के सामने देवभूति इंटरप्राइजेज में लहंगा हब की ओर से ग्रैंड फैशन एग्जिबिशनका आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। एग्जिबिशन में



फैशन के विभिन्न परिधानों और सामग्रियोंकी आकर्षक रेंज उपलब्ध कराई गई है। इस मौके पर लहंगा हब की प्रोपराइटर शुभ्रा गुप्ता ने बताया कि एग्जिबिशन में ग्राहकों के लिए फैशन से जुड़े विभिन्न प्रकार के परिधान उपलब्ध हैं। यहां लोग अपनी पसंदके अनुसार खरीदारीकर सकते हैं। वहीं, एकता ने बताया कि एग्जिबिशन में बहुत ही अच्छी रेंज देखने को मिल रही है। यहां फैशन के कई आकर्षक विकल्प उपलब्ध हैं। रिया कुमारी ने बताया कि उन्होंने एग्जिबिशन से लहंगा और अन्य सामग्रियों की खरीदारी की है। यहां उपलब्ध उत्पादों की क्वालिटी काफी अच्छी है।

उन्होंने एग्जिबिशन में उपलब्ध रेंज और गुणवत्ता की सराहना की। यह ग्रैंड फैशन एग्जिबिशन 24 और 25 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें फैशन और खरीदारी के शौकीनों को विभिन्न प्रकार के परिधान देखने और खरीदने का अवसर मिल रहा है।

इमामगंज में बिजली ठेकेदार की हृदय गति रुकने से मौत

इमामगंज (संसू)। प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह बिजली ठेकेदार अभय कुमार सिंह की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मृतक भोजपुर जिले के धोबहा थाना क्षेत्रके हेमतपुर गांवके निवासी थे। वे इमामगंजमें बिजली ठेकेदार के रूप में कार्यरत थे।

इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि ठेकेदार की मौत हृदय गति रुकने से हुई है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद पंचनामा सहित आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया. वहीं बिजली विभागके कनीय अभियंता ने भी हृदय गति रुकने से ठेकेदार की मौत होने की पुष्टि की।घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

नगर आयुक्त के समक्ष निकाय कर्मचारियों का प्रदर्शन 30 को

गयाजी। आज बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ जिला शाखा गया कि बैठक जिलाध्यक्ष मो जुबैर आलम कि अध्यक्षता मेंहुई। बैठक का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद ने किया। बैठक में सम्मानित अध्यक्ष साथी श्यामलाल प्रसाद ने वताया कि जबसे एनडीए की सरकार बनी हैं तबसे कोई ,जलापूर्ति कमचारियोके प्रति घोर मजदूर विरोधी कारवाई करती रही हैं। 2018 में हजारों स्थायी पदों को समाप्त कर वर्षों से कार्यरत दैनिक पुस्त कर्मचारियों का नियमितीकरण, अनुकम्पा पर नियुक्ति आदिके रास्ते अवरूद्ध करने तथा छठा वेतन पुनरीक्षण अन्तर वेतन, सेवा निवृत्त कर्मचारियों का एलआईसी,ई एस आई का भुगतान न होना व एसीपी लाभ को बन्द कर दिया गया है। 10वर्ष की सेवा के वाद मानदेय उत्क्रमित,उपाजितेंव आकस्मिक अवकाश, महिला कमियों को विषेश अवकाश, चिकित्सा वीमाका आदी देने लाभ राज्य सरकार की सैद्धांतिक सहमति संसुचित करते हुए निणर्य लिया गया।

श्री प्रसाद ने वताया कि तीनो हड़ताल के दरम्यान माननीय उच्च न्यायालय विभागीय पदाधिकारी व मंत्री जी के आश्वासन को लागू नही करने के फलस्वरूप सफाई कमियों में असंतोष को देखते हुए उक्त मागोंकी पुर्तिहेतु 30 अकटूबर को सभी शहरी निकायों पर प्रदर्शन एवं 3 नवमवर से हड़ताल का निणर्य लिया गया है।

सागरपुर में 22वीं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न, मेधावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

गयाजी। जिले के मोहनपुर प्रखंड के सागरपुर गांव में दो दिवसीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चली इस बौद्धिक प्रतिस्पर्धा में शीर्ष पांच स्थान प्राप्त



करने वाले प्रतिभागियों को आयोजन समिति, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न कोचिंग संस्थानों द्वारा मेडल, शील्ड व आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन के परिणामों में संजना कुमारीने प्रथम, आलोक रंजन ने द्वितीय तथा वर्षा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, दूसरे दिन की स्पर्धा में अंकित कुमार ने प्रथम, राबिल कुमार ने द्वितीय एवं मुस्कान कुमारी ने तृतीय स्थान पर अपना परचम लहराया। प्रतियोगिता के आयोजक व संस्थापक आलोक रंजन, रोहित कुमार एवं राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन पिछले 22 वर्षों से लगातार आयोजित होते चला आ रहा है।

समारोह के समापन पर विजेताओं को आयोजकों के साथ-साथ मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि देवकांत भारती, होराइजन कोचि